थापर इंस्टीच्यूट में करवाया जागरूकता सैशन

THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

पटियाला केसरी

Page : 04, Dated 05-May-2025

थापर इंस्टीच्यूट में करवाया जागरूकता सैशन

पटियाला, सनौर, 4 मई (मनदीप जोसन) : मानसिक सेहत जागरूकता महीने के हिस्से के तौर पर, थापर इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी, पटियाला के थापर इंस्टीच्यूट काऊंसलिंग सैल (टी.आई.सी.सी.) ने रियान इंटरनैशनल स्कूल, पटियाला में एक प्रभावशाली जागरूकता सैशन का आयोजन किया।

अनम्यूट यूअरसैलफ रेजिंग अवेयरनैस आन सैक्सुअल हरासमैंट, सीमाएं, सहमति और डिजिटल जिम्मेदारी शीर्षक वाले इस सैशन का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को मनो- सामाजिक सुरक्षा और जिम्मेदार डिजिटल आचरण के साथ संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों प्रति संवेदनशील बनाना था।

कार्यक्रम दौरान थापर कालेज के विद्यार्थी। (दीपक)

इस सैशन का नेतृत्व टी.आई.सी.सी. के मैनेजर, विद्यार्थी सलाहकार डा. सोनम दुल्लत ने एम.एच.एस.ए. के सदस्यों मनन, शिवांश, प्रशांत, गगन, अनिरुद्ध, मीनल और वंशज के नेतृत्व में की। यह टी.आई.सी.सी. के मैंटल हैल्थ स्टूडैंट अम्बैसडर (एम.एच.एस.ए.) द्वारा पेश किया गया था, जिन्होंने नौजवान दर्शकों में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस प्रोग्राम में छटी से 12वीं कक्षा के 500 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसको रणनीतिक तौर पर दो उम्र- मुताबिक उचित हिस्सों में बांटा गया था।

6वीं से 8वीं कक्षा के विद्यार्थियों को सैक्स शोषण को समझना, निजी सीमाओं की पहचान करना और असुरक्षित या असुविधाजनक स्थितियों की रिपोर्ट कैसे करनी है, जैसे विषयों के द्वारा मार्गदर्शन किया गया। 9वीं से 12 वीं कक्षा के सीनियर विद्यार्थियों के लिए, डिजीटल स्पेस में साइबर परेशानी, डिजीटल सहमति और भावनात्मक तंदरुस्ती पर केंद्रित चर्चाएं की। रियान इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसीपल मिस पूजा शर्मा ने इस पहलकदमी की प्रशंसा की।

इसके अलावा डा. दुल्लत ने भी विचार पेश किए।